प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 28.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से पूरा विश्व प्रभावित हो रहा है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन–आईएसए सभा के आठवें सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है। इस वैश्विक कार्यक्रम में दुनिया भर के लगभग 124 देश और 40 से अधिक मंत्री भाग ले रहे हैं।

****

कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी कल नई दिल्ली में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 14वें चरण का शुभारंभ करेंगे। कोयला मंत्रालय ने कहा कि इस नीलामी का उद्देश्य व्यापार में आसानी को बढ़ावा देना, विविध निवेशों को आकर्षित करना और व्यापक उद्योग भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस दौरान, कोयला मंत्रालय दो परिवर्तनकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म, कोयला भूमि अधिग्रहण, प्रबंधन और भुगतान पोर्टल और कोयला शक्ति डैशबोर्ड का भी शुभारंभ करेगा।

****

लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा कुडू प्रखंड के कई गांवों में छोटी इलाइची, वैनिला और काली मिर्च की खेती को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें छठ पर्व की शुभकामनाएं दी तथा उन्हें अपने पुत्र के वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। वहीं केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के आवास पर जाकर उन्होंने छठ महापर्व का प्रसाद ग्रहण किया।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र स्थित सारंडा जंगल में आज उग्रवादियों द्वारा बिछाए गए आईईडी विस्फोट में एक नाबालिग बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल मौकै पर पहुंची और शव को बरामद किया। जिले के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी को बिछाया था।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में छठ महापर्व के दौरान शहरबेड़ा घाट पर नहाने के क्रम में एक ही परिवार के तीन व्यक्ति डूब गए। इनमें एक नाबालिग का शव बरामद कर लिया गया है। जिले के उपायुक्त ने बताया कि दो अन्य व्यक्तियों की तलाश के लिए गोताखोरों की मदद ली जा रही है।

****

पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में एक कारोबारी की अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी। अपराधियों ने इस हत्याकांड को उस वक्त अंजाम दिया जब कारोबारी अपनी दुकान में मौजूद था। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क को घंटों जाम रखा।

****

मौसम विभाग ने पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसांवा और खूंटी समेत राज्य के कई हिस्सो में अगले चौबीस घंटे के दौरान भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। वहीं पलामू, गढ़वा और लातेहार में भी अगले शुक्रवार तक मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातीय तूफान **मोन्था** का झारखंड में इकतीस अक्टूबर तक असर देखने को मिल सकता है।

****

नागपुर में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के चौथे और अंतिम दिन विदर्भ ने झारखंड के खिलाफ पहली पारी में अबतक **5** विकेट के नुकसान पर **399** रन बना लिए हैं। इस मैच में विदर्भ के अमन मोखंडे

ने एक सौ छियत्तर रन की पारी खेली। इससे पहले झारखंड ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर तीन सौ बत्तीस रन बनाए थे। यह मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है।

****